

# अपनी बात


अंक : 532 वर्ष 42 — सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका — राँची, 30 जून, 2018


## स्वच्छता जागरूकता का केन्द्र होगा सीसीएल – माननीया राज्यपाल




कार्यक्रम में माननीया राज्यपाल महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

"स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत" का संदेश रंग–बिरंगे, रचनात्मक, सांस्कृतिक कृत, कला एवं वेशभूषा के माध्यम से झारखंड के युवाओं द्वारा विगत 23 जून को मुख्य अतिथि माननीया राज्यपाल महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में सीसीएल, रांची में "स्वच्छता कार्निवल" का आयोजन किया गया।

अवसर विशेष पर माननीया राज्यपाल महोदया ने उपस्थित सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई और उन्होंने दरभंगा हाउस में "स्वच्छता कार्निवल" के दौरान सीसीएल की पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता जागरूकता का केंद्र बिन्दु सीसीएल होगा जो अन्य संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण होगा। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने 2019 यानि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष को "स्वच्छ भारत" निर्माण करने का आह्वान किया है इसे आमजन तक जागरूकता लाये बिना प्राप्त नहीं किया जा सकता।

स्वागत भाषण में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने कहा कि माननीया राज्यपाल महोदया की उपस्थिति प्रेरणादायक है और इससे "स्वच्छ भारत" बनाने के हमारे सतत् प्रयासों को और बल मिलेगा। हमारे माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने "स्वच्छ भारत" को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया हैं और सीसीएल इस यज्ञ को पूरा करने के लिए कृतसंकल्पित है।

माननीय सांसद (लोकसभा) श्री राम टहल चौधरी और माननीय विधायक (कांके) डॉ जीतू चरण राम "स्वच्छता कार्निवल" के विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। निदेशक (का.) श्री आर एस महापात्र, निदेशक (यो./परि.) श्री वी के श्रीवास्तव, सीवीओ श्री ए के श्रीवास्तव, सीसीएल कर्मचारियों, छात्रो सहित बड़ी संख्या में आमजन अवसर विशेष पर उपस्थित थे।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

विगत 21 जून को "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर मुख्यालय के गांधीनगर क्लब में सीसीएल द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, देहरादून द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का "योग शिविर" का सीधा प्रसारण किया गया जिसके माध्यम से सीएमडी श्री गोपाल सिंह, रामकृष्ण मिशन के स्वामी भविष्यानंद, ब्रह्माचार्य राजीव चेतन, योगाचार्य श्री प्रीतम, नि.(वित्त) श्री डी के घोष, नि. (का.) श्री आर एस महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, नि. (तक/संचा.) श्री ए के मिश्रा, सीवीओ श्री ए के श्रीवास्तव, सहित महाप्रबंधकों/विभागाध्यक्षों, स्कूली बच्चों एवं सी.सी.एल. कर्मियों ने योगाभ्यास किया।



योगाभ्यास करते सीएमडी श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण एवं अन्य

## प्रर्दशनी का आयोजन



एमओयू के दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास एवं अतिथिगण

झारखंड सरकार के वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग एवं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सयुंक्त पहल से खेलगांव में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें सीसीएल ने पर्यावरण सहित कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शनी में दर्शाया। कार्यक्रम में सीसीएल एवं झारखंड सरकार के ज्वाइंट फोरेस्ट मैनेजमेंट कमिटि के बीच माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास की उपस्थिति में साझा उद्देश्य से एक अच्छी जीविका के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमति बनी कि परियोजना प्रभावित लोगों एवं सीसीएल खदान के आसपास रहने वाले लोगों के बीच कौशल विकास, वन उत्पादन (Minor Forest Products) को प्रोसेस कर बाजार में विक्रय हेतु प्रक्षिक्षण दिया जायेगा।

अवसर विशेष पर पिपरवार खुली खदान, सीसीएल को प्रदूषण नियंत्रण एवं पर्यावरण प्रबंधन के लिए दूसरा पुरस्कार झारखंड सरकार द्वारा प्रदान किया गया। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री के.के. मिश्रा ने माननीय मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास से पुरस्कार ग्रहण किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस

भारत इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस समारोह की मेजबानी कर रहा है। "विश्व पर्यावरण दिवस" का थीम है "करेंगे संग प्लास्टिक प्रदूषण से जंग" और इस संदेश के साथ विगत 01 जून से ही सी.सी.एल की टीम ने रांची, लातेहार, गिरिडीह एवं रामगढ़ आदि जिलो के साथ–साथ मुख्यालय, कांके डैम, जगरनाथ मंदिर, ध्रुर्वा डैम आदि स्थानों पर, जलाशय के आसपास प्लास्टिक प्रदूषण हटाने तथा आमजन में जागरूकता लाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें सीसीएल कर्मियों सहित बड़ी संख्या में आमजन सम्मिलित हुए।




सीसीएल की टीम कांके डैम में सफाई करते हुए

मुख्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून, 2018 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हमारे सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने पर्यावरण ध्वज फहराया साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। श्री सिंह ने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक दिवस महज औपचारिकता नहीं बल्कि यह मानवता, समाज एवं राष्ट्र हित में है और यह पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सभी को जागरूक भी करता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु सीसीएल का प्रत्येक कर्मी यह सोचे कि उसे एक नया आदर्श स्थापित करना है।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा एवं सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव ने सभी को प्रेरित करते हुए एक आवाज में कहा कि जल, जंगल, वायु आदि सभी प्राणियों के जीवन का आधार है और हमें इसे अगली पीढ़ी के लिए सहेज कर रखना है। सभी वक्ताओं का मानना था कि उन्नति के साथ–साथ पर्यावरण भी जरूरी है और उसके लिए हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के सभी पहलुओं पर ध्यान देना होगा। अवसर विशेष पर कर्मियों के बीच फलदार पौधों का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में निदेशक (वित्त) की धर्मपत्नी श्रीमती रिमी घोष तथा निदेशक (कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती



प्रतिभागियों के साथ श्रीमती रिमी घोष, श्रीमती सुनीता महापात्र एवं अन्य

सुनीता महापात्र ने स्पॉट पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता एवं सीसीएल कर्मियों के बीच ऑनलाईन स्लोगन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया।

## स्वच्छता पखवाड़ा




सीएमडी श्री गोपाल सिंह, नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष चाय एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित करते हुए

सीसीएल मुख्यालय, केन्द्रीय अस्पाताल गांधीनगर सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में विगत 16 से 30 जून तक "स्वच्छता पखवाड़ा" मनाया गया। इसी कड़ी में 16 जून को सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने उपस्थित निदेशकगण, महाप्रबंधकों/विभागाध्यक्षों तथा कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

अवसर विशेष पर मुख्यालय में सीएमडी श्री गोपाल सिंह सहित निदेशक(यो./परि.), श्री वी.के. श्रीवास्तव, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र के साथ–साथ मुख्यालय के महाप्रबंधकों/विभागाध्यक्षों ने औषधीय पौधो का रोपण किया।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सभी को स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता हेतु वाहन चालको के बीच थैला का वितरण किया गया साथ ही "स्वछता के रंग" पर पेंटिंग कार्यशाला तथा सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। 29 जून को आयोजित कार्यक्रम में श्री गोपाल सिंह ने सीसीएल मुख्यालय को "प्लास्टिक मुक्त जोन" बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी आगे बढ़कर देश को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान दें। श्री सिंह ने सफाई कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपकी मेहनत और निस्वार्थ सेवा के कारण ही परिसर स्वच्छ एवं सुन्दर है। श्री सिंह ने चाय स्टॉल के कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे इस परिसर को अपना मानते हैं और ये सिर्फ चाय नहीं बेचते बल्कि एक–दूसरे की भावना के साथ भी जुड़े हुए हैं।

अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष ने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम इनके योगदान को भुला नहीं सकते हैं। मैं वास्तव में आप सभी को सम्मानित करके गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ।


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)